# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची , झारखण्ड

## द्वितीय सावधिक परीक्षा - (2021-2022)

**मॉडल प्रश्न पत्र** **सेट-3**

| कक्षा-9 | **विषय — हिन्दी -'बी'** | **समय- 1 घंटा 30 मिनट** | **पूर्णांक 40** |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश :-

- परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें।
- इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं। सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।
- प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।
- 2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में, 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में एवं 7 अंक के प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में लिखें|

**खण्ड-क' (अपठित बोध)**

नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 3 x2 = 6

जो बीत गई सो बात गई |
जीवन में एक सितारा था
माना वह बेहद प्यारा था
वह डूब गया तो डूब गया |
अंबर के आनन को देखो
कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अंबर शोक मनाता है ?
जो बीत गई सो बात गई ।

प्रश्न -1. कवि ने अंबर के आनन को देखने की बात क्यों की है ?
प्रश्न -2. सितारे के डूबने पर कवि क्या प्रेरणा देता है ?
प्रश्न -3. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखें |

अथवा

मुल्ला नसीरुद्दीन को अरब के सुल्तान हमेशा अपने साथ रखते थे। उनकी हाजिर जवाबी सुल्तान को बहुत भाती थी | वह सदा दूसरों को हँसाते थे। वे कहते थे एक मुसकराहट से हम दूसरे व्यक्ति के मुख पर मुसकराहट ला सकते हैं। अनजान को भी अपना बना सकते हैं। हँसना, मुस्कराना मनुष्य का

प्राकृतिक स्वभाव है। नन्हा शिशु बिना किसी कारण के मुसकुराता है। उसकी हँसी निर्मल और स्वार्थहीन होती है | लेकिन जैसे-जैसे शिशु बाल्यावस्था से किशोरावस्था की ओर बढ़ता है,उसकी हँसी कम होती जाती है। युवावस्था आते-आते चेहरे पर तनाव अपनी जगह बनाने लगता है। फिर मुस्कान ईद का चाँद बन जाती है। एक शेर है-'खुल के हँसना तो सबको आता है, लोग तरसते हैं इक बहाने को।' लोगों को वह बहाना ही नहीं मिल पाता जिसकी वजह से वे हँसें और मुस्कुराएँ। काम की अधिकता और समय सीमा वाले लक्ष्य तनाव को बढ़ावा देते हैं लेकिन यदि मुस्कराते रहें तो तनाव को पराजित कर सकते हैं। मुस्कुराने वाला व्यक्ति सकारात्मक सोच वाला होता है।

प्रश्न - 1. मुल्ला नसीरुद्दीन किस बात के लिए जाने जाते थे?

प्रश्न - 2. छोटे बच्चों के स्वभाव में कौन-सी विशेष बात होती है?

प्रश्न - 3. बचपन, किशोरावस्था और जवानी में क्या अंतर आने लगता है?

**खण्ड-ख' (व्याकरण)** **2x2-4**

प्रश्न- 4. 'रसोईघर' का समास विग्रह करें और भेद का नाम लिखें |

अथवा

'माता-पिता' का समास विग्रह करें और भेद का नाम लिखें |

प्रश्न - 5. दिए गए अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखें :

मैं सोमवार के दिन अपने गाँव जाऊँगा |

अथवा

हिमालय बहुत उच्च पर्वत है।

**खण्ड - 'ग' (पाठ्य पुस्तक)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6 x 3 = 18

प्रश्न- 6. 'खूशबू रचते हैं हाथ' कविता को लिखने का क्या उद्देश्य है?

प्रश्न- 7. 'आदमीनामा' कविता के आधार पर आदमी की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

प्रश्न- 8. 'गीत-अगीत' कविता के प्रथम छंद में वर्णित प्रकृति चित्रण को लिखिए |

अथवा

भाव स्पष्ट कीजिए:- ' जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तरवारि' ।

प्रश्न - 9. रामन की खोज 'रामन प्रभाव' क्या है? स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

लेखक की दृष्टि में धर्म की भावना कैसी होनी चाहिए ?

प्रश्न- 10. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या-क्या करता था ?

प्रश्न- 11. हामिद को लेखक की किन बातों पर विश्वास नहीं हो रहा था ?

**खण्ड - 'घ' (रचना)** **1x5=5**

प्रश्न- 12. आप विद्यालय की ओर से पर्वतारोहण के लिए जाना चाहते हैं। अत: छात्रावास में रहते हुए अनुमति हेतु अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने बड़े भाई के विवाह में आमंत्रण के लिए मित्र को पत्र लिखिए ।

प्रश्न- 13. दिए गए संकेत बिन्दु के आधार पर किसी एक विषय पर अधिकतम 150 शब्दों में निबंध लिखिए:- 1x7 = 7

आदर्श विद्यार्थी

(संकेत बिन्दु :- भूमिका, विद्याध्ययन की ललक, स्वरूप जीवन, सदाचारी- विवेकशील एवं विनम्र, उपसंहार)

अथवा

बेरोजगारी : समस्या और समाधान

(संकेत बिन्दु :- भूमिका, अर्थ, कारण, समस्या, दुष्परिणाम, समाधान)

अथवा

मोबाइल फोन

(संकेत बिन्दु : प्रस्तावना, मोबाइल फोन का स्वरूप,विविध लाभ और हानियाँ, उपयोग में सावधानियाँ, उपसंहार )